दिनांक : 21.04.2026 समय : 07.10PM

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**सांध्यकालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तमिलनाडु में किया रोड शो, बोले- दूसरी जयललिता के डर से विपक्ष ने रोका महिला आरक्षण बिल
- नारी शक्ति वंदन पर 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र
- केंद्र सरकार का दावा, देशभर में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, कहीं कोई कमी नहीं

**और**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जर्मनी दौरे पर, बर्लिन में मिला सैन्य सम्मान

अब समाचार विस्तार से...

**मुख्यमंत्री- तमिलनाडु**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज तमिलनाडु के नमक्कल जिले की राशिपुरम विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने चुनावी रोड शो कर डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में जनता से वोट मांगे। इस दौरान डॉ. यादव ने कहा कि विपक्ष को डर था कि कहीं दूसरी जयललिता न खड़ी हो जाए, इसीलिए सबने मिलकर महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने दिया। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम, जयललिता और कार्टूनिस्ट आरके

लक्ष्मण की इस धरती को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दिल में तमिलनाडु और तमिल बसते हैं।

**नारी शक्ति वंदन- विधानसभा**

नारी शक्ति वंदन पर चर्चा के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है, जिसकी अधिसूचना विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और फिर दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेगी। सत्र के दौरान सदस्यों को मर्यादित भाषा के उपयोग और लंबित न्यायिक मामलों पर टिप्पणी से बचने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले भाजपा ने भोपाल में नारी शक्ति वंदन के समर्थन में आक्रोश रैली निकाली थी।

**एलपीजी आपूर्ति- ब्रीफिंग**

केंद्र सरकार का कहना है कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में इस विषय पर जानकारी दी।

**रक्षा मंत्री- जर्मनी यात्रा**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिन की यात्रा पर जर्मनी पहुंचे हैं, जहां वे म्यूनिख के बाद बर्लिन गए। यहां उन्हें सैन्य सम्मान दिया गया। बर्लिन में रक्षा मंत्री, जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में प्रशिक्षण सहयोग के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह मेक-इन-इंडिया के तहत संयुक्त उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जर्मन रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।

**सिविल सेवा दिवस- भोपाल**

भोपाल की RCVP नरोन्हा अकादमी में आज सिविल सेवा दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैसे चाणक्य ने पीछे रहकर देश बनाया, वैसे ही अफसरों की जिम्मेदारी है कि सरकार के विजन को ज़मीन पर उतारें। उन्होंने अच्छा काम करने वाले अधिकारियों के नवाचारों को किताब की शक्ल में जमा करने का भी सुझाव दिया। इस मौके पर डेढ़ दर्जन से ज़्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' से नवाज़ा गया।

**आपराधिक न्याय प्रणाली में AI का उपयोग**

भोपाल में आज पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के साथ मिलकर "आपराधिक न्याय प्रणाली में AI का उपयोग" विषय पर एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में

न्यायपालिका, पुलिस, फॉरेंसिक और जेल प्रशासन के 170 से अधिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और महानिदेशक आलोक रंजन ने संबोधित किया और न्याय व्यवस्था के पांचों स्तंभों में AI की बढ़ती भूमिका और इसके जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया।

**MSP पर गेहूं खरीदी**

प्रदेश में अब तक 1 लाख 45 हजार से ज्यादा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 63 लाख 27 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीदी हो चुकी है। इसके एवज में 920 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। इस बार किसानों को 2 हजार 625 रुपए प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य मिल रहा है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों की सहूलियत के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटे 4 से बढ़ाकर 6 कर दिए गए हैं और स्लॉट बुकिंग की क्षमता भी 1000 से बढ़ाकर 1500 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है।

**नारी वंदन- केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन न करने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में सभी राजनीतिक दलों को इस विधेयक का समर्थन करना चाहिए था। डॉ. कुमार ने कहा कि विधेयक का

विरोध करने के लिए विपक्षी दलों को भविष्य में गंभीर राजनीतिक परिणामों का सामना करना पड़ सकता है।

**पोषण पखवाड़ा**

प्रदेश में 8वां पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। पखवाड़े की थीम "जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास" रखी गई है। प्रदेश भर के आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों पर पोषण सत्र, रेसिपी प्रतियोगिताएं और पोषण रैलियां आयोजित की जा रही हैं। स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्रों के लिए हर शनिवार विशेष पोषण सत्र भी चलाए जा रहे हैं।

**चिंतन शिविर**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय विभाग के मैदानी अमले का एक दिवसीय चिंतन शिविर कल बुधवार सुबह 11 बजे से विभाग के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

**विश्व पृथ्वी दिवस**

दिल्ली के राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र में कल विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। इस साल की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' है। संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम की शुरुआत 'अंटार्कटिका अन्वेषण: श्वेत महाद्वीप की यात्रा' विषय पर एक विज्ञान

व्याख्यान से होगी, जिसमें अंटार्कटिका के वैज्ञानिक पहलुओं और रहस्यों की जानकारी दी जाएगी।

**मौसम**

अब बात मौसम की। प्रदेश में गर्मी का कहर जारी है। कई शहरों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वॉर्म नाइट' का अलर्ट जारी किया है। गर्मी की मार से बच्चों को बचाने के लिए मैहर कलेक्टर ने जिले में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के सभी स्कूलों में 21 से 30 अप्रैल तक छुट्टी घोषित कर दी है। यह आदेश सरकारी, प्राइवेट, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों सभी पर लागू होगा।

**आईसीसी रैंकिंग**

आईसीसी की ताज़ा खबर महिला टी20 रैंकिंग में भारत की शेफाली वर्मा दो पायदान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी दो स्थान के फायदे के साथ 11वें नंबर पर आ गई हैं। भारत की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली बल्लेबाज स्मृति मंधाना चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाज़ों में पाकिस्तान की सादिया इक़बाल टी20 में दुनिया की नंबर एक गेंदबाज़ बनी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ आज शाम 7:30 हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जनसुनवाई में लोगो की समस्याओं को सुना गया। भोपाल पदस्थ होने के बाद यह उनकी पहली जनसुनवाई थी।
- वही राजगढ़ में जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है।
- मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की छतरपुर इकाई द्वारा निर्माणाधीन जल प्रदाय परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को भीषण गर्मी और लू से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।
- बैतूल कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।
- पृथ्वी दिवस से पहले भोपाल में पर्यावरण संरक्षण और पशु अधिकारों को लेकर एक अनोखा जागरूकता अभियान देखने को मिला।
- खंडवा जिले स्थित ओंकारेश्वर में आयोजित पांच दिवसीय “एकात्म पर्व” का समापन हो गया है।
- सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि मे निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले दोगुनी राशि संग्रहित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने आगरमालवा कलेक्टर को सम्मानित किया।
- अशोकनगर में 1 मई से 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न खेल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किये जायेंगे।